Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET PAPER 2 NOVEMBER 05, 2017 SHIFT 1 PUBLIC ADMINISTRATION QUESTION PAPER

## PUBLIC ADMINISTRATION

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Kautilya's ideas on taxation do **not** relate to :

(1) taxing power of state is limited.

(2) taxation should not be felt to be heavy or exclusive.

(3) tax increase should be graduated.

(4) tax increase should be doubled in every five years.

**2.** Who among the following propounded the 'Theory of Justice' as major ethical framework for Public Administration ?

(1) John Stuart (2) John Rawls (3) Robert Dahl (4) Herbert A. Simon

**3.** **Assertion (A) :** We can neither accept politics-administration dichotomy nor get along without it.

**Reason (R) :** It is getting harder to run a constitution than to frame the constitution.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**4.** According to M.P. Follet, the success of 'Integration' depends on :

(a) High Intelligence (b) Keen Perception

(c) Discrimination (d) Inventiveness

(e) Responsible Attitude

Select the correct answer from the code given below :

(1) (a), (b), (c) (2) (a), (b), (c), (d)

(3) (b), (c), (d), (e) (4) (a), (b), (c), (e)

Prepp
Your Personal Exams Guide

# लोक प्रशासन

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. कराधान के बारे में कौटिल्य के विचार निम्नलिखित में से किससे संबंधित **नहीं** है?
   (1) राज्य की कर लगाने की शक्ति सीमित है।
   (2) कराधान को बोझिल अथवा एकान्तिक नहीं महसूस किया जाना चाहिये।
   (3) कर में वृद्धि क्रमबद्ध होनी चाहिए।
   (4) कर में वृद्धि प्रत्येक पाँच वर्षों में दुगुनी होनी चाहिये।

2. निम्नलिखित में से किसने 'न्याय सिद्धांत' का प्रतिपादन लोक प्रशासन के एक प्रमुख नैतिक ढाँचे के रूप में किया था?
   (1) जॉन स्टूआर्ट (2) जॉन राल्स (3) रोबर्ट डॉहल (4) हर्बर्ट ए. साइमन

3. **अभिकथन (A) :** हम न ही राजनीति–प्रशासन के द्विभाजन को स्वीकार कर सकते हैं और न ही इसके बिना आगे बढ़ सकते हैं।
   **तर्क (R) :** संविधान निर्माण से संविधान के क्रियान्वयन का कार्य ज्यादा कठिन होता जा रहा है।
   **कूट :**
   (1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
   (2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
   (3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
   (4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

4. एम.पी. फालेट के अनुसार एकीकरण की सफलता किस पर निर्भर करती है?
   (a) उच्च बौद्धिकता (b) गहन अवबोधन
   (c) भेदभाव (d) आविष्कारशील
   (e) उत्तरदायी दृष्टिकोण
   दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :
   (1) (a), (b), (c) (2) (a), (b), (c), (d)
   (3) (b), (c), (d), (e) (4) (a), (b), (c), (e)

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. "Accountability refers to the formal and specific location of responsibility, whereas responsibility is personal, moral and not necessarily related to formal power." Whose statement it is ?

(1) Webster's Dictionary

(2) John M. Pfiffner

(3) Robert Merton

(4) William Scott

6. **Assertion (A) :** The concept of New Public Management emerged in opposition to the traditional military-bureaucratic ideas of good administration.

**Reason (R) :** New Public Management, like many previous administrative philosophies, was presented as a framework of general applicability.

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

7. Select the correct proactive steps as suggested by Van Slyke, O'Leavy and Kim to make public administration 'a stronger and more robust field'.

(a) Supportive collaborative research.

(b) Demand to maintain methodological and epistemological pluralism.

(c) Understanding western administration.

(d) Promoting boundary spanning.

**Code :**

(1) (a) and (b) (2) (a), (b), (d)

(3) (a), (c) and (d) (4) (b), (c) and (d)

8. The member of a bureaucracy needs statemanship which cannot be tested through examination. Who said it ?

(1) Herald Laski (2) Hegal

(3) Karl Marx (4) Mahatma Gandhi

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. "उत्तरदायित्व का तात्पर्य जिम्मेदारी की औपचारिक और विशिष्ट अवस्थिति है वहीं जिम्मेवारी व्यक्तिगत, नैतिक होती है और औपचारिक सत्ता से आवश्यक रूप से जुड़ी नहीं होती है।" निम्नांकित में से यह किसका कथन है?
   (1) वेबस्टर शब्दकोष
   (2) जॉन एम. पिफनर
   (3) रोबर्ट मेर्टन
   (4) विलियम स्कॉट

6. **अभिकथन (A) :** नव लोक प्रबन्धन की अवधारणा का उदय अच्छे प्रशासन के परम्परागत सैनिक–नौकरशाही विचारों के विरुद्ध हुआ।
   **तर्क (R) :** नया लोक प्रबन्धन अनेक अन्य प्रशासनिक दर्शनों की तरह ही सामान्य अनुप्रयोज्यता के ढाँचे के रूप में प्रस्तुत किया गया था।

   **कूट :**
   (1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।
   (2) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
   (3) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
   (4) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

7. लोक प्रशासन को 'सुदृढ़ एवं अधिक संतुलित क्षेत्र' बनाने के लिए वैन स्लाइक, ओ लेवी एवं किम द्वारा सुझाए गए सही सक्रिय कदमों का चयन कीजिए।
   (a) सहायक सहयोगात्मक अनुसंधान।
   (b) प्रणाली विज्ञान और ज्ञानशास्त्र बहुलवाद के अनुरक्षण की माँग।
   (c) पश्चिमी प्रशासन को समझना।
   (d) सीमा विस्तार को बढ़ावा देना।

   **कूट :**
   (1) (a) और (b) (2) (a), (b), (d)
   (3) (a), (c) और (d) (4) (b), (c) और (d)

8. किसी नौकरशाह के लिए राजनीतिमत्ता अपेक्षित है जिसकी परीक्षा के माध्यम से परीक्षण नहीं किया जा सकता है। निम्न में से किसने यह बात कही है?
   (1) हेराल्ड लास्की (2) हीगल
   (3) कार्ल मार्क्स (4) महात्मा गांधी

9. "It is impossible for humanity to advance its knowledge of organisation unless the factor on structure is isolated from other considerations, however artificial such isolation may appear". Who made this statement ?

(1) Lyndall Urwick (2) Luther Gullick
(3) M.P. Follet (4) Henri Fayol

10. According to Herzberg, "Which one of the following is **not** a determinant of job satisfaction" ?

(1) Responsibility (2) Supervision
(3) Working conditions (4) Interpersonal relations

11. Which of the following pairs is **not** correctly matched ?

(1) A Theory of Human Motivation - Abraham Maslow
(2) Management and Morale - Fritz Roethlisberger
(3) Personality and social encounter - J.S. Adams
(4) Existence, Relatedness and Growth : Human Needs in organizational setting - C.P. Alderfer

12. In which year, Elton Mayo started research to find out the reasons for unjustified absenteeism ?

(1) 1924 (2) 1928 (3) 1931 (4) 1943

13. Which of the following is **not** a characteristic of Charismatic leadership ?

(1) They have a vision.
(2) They are willing to take personal risks to achieve vision.
(3) They are sensitive to followers needs.
(4) They exhibit ordinary behaviour.

14. Which of the following is **not** related to Sensitivity Training ?

(1) It promotes interpersonal competence.
(2) It enhances dependence and control.
(3) It helps in understanding effective group functioning.
(4) It develops awareness and acceptance of self.

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. ''मानवता के लिए संगठन से संबंधित अपने ज्ञान को आगे ले जाना तब तक असम्भव है जब तक कि संरचना के कारक को अन्य पहलुओं से पृथक न कर लिया जाए, चाहे इस प्रकार का पृथक्करण कितना भी कृत्रिम प्रतीत क्यों न हो''। यह कथन किसका है ?
   (1) लिंडल उर्विक  (2) लुथर गुलिक
   (3) एम.पी. फॉलेट  (4) हेनरी फायोल

10. हर्जबर्ग के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा रोज़गार संतुष्टि का निर्धारक **नहीं** है ?
   (1) उत्तरदायित्व  (2) पर्यवेक्षण
   (3) कार्यदशा  (4) अन्तर वैयक्तिक संबंध

11. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?
   (1) ए थ्योरी ऑफ ह्यूमैन मॉटिवेशन – अब्राहम मास्लो
   (2) मैनेजमेंट एण्ड मोराल – फ्रिट्ज रॉथलिसबर्जर
   (3) पर्सनेलिटी एण्ड सोशल इनकाउंटर – जे.एस. एडमस्
   (4) एक्जीस्टेन्स, रिलेटेडनेश एण्ड ग्रोथ : ह्यूमैन नीड्स इन ऑर्गेनाइजेशनल सेटिंग – सी.पी. एल्डरफर

12. निम्नलिखित में से किस वर्ष एल्टन मेयो ने अन्यायसंगत अनुपस्थिति के कारणों का पता लगाने के लिए अनुसंधान प्रारंभ किया ?
   (1) 1924  (2) 1928  (3) 1931  (4) 1943

13. निम्नलिखित में से कौन सी करिश्माई नेतृत्व की सही विशेषता **नहीं** है ?
   (1) उनका अपनी दृष्टि होता है।
   (2) वे अपनी दृष्टि को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत जोखिम उठाने के इच्छुक होते हैं।
   (3) वे अपने अनुयायिओं की जरूरतों के प्रति संवेदनशील होते हैं।
   (4) वे सामान्य व्यवहार दर्शाते हैं।

14. निम्नांकित में से कौन संवेदनशीलता प्रशिक्षण से संबंधित **नहीं** है ?
   (1) यह अंतर्वैयक्तिक क्षमता को बढ़ावा देता है।
   (2) यह निर्भरता तथा नियन्त्रण में वृद्धि करता है।
   (3) यह प्रभावी समूह कार्यकरण समझने में सहायक होता है।
   (4) यह स्वयं की स्वीकृति एवं जागरुकता विकसित करता है।

15. Match List - I with List - II. Select the correct answer from the code given below :

| | List - I | | List - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Scientific Management | (i) | Application of universal scientific administrative principles |
| (b) | Administrative Management | (ii) | Human workers probably are not entirely like machine |
| (c) | Bureaucratic Theory | (iii) | Time - motion study |
| (d) | Human Relations Theory | (iv) | Use of rules and regulation |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

16. Which of following are discerned major motivational concerns in the literature of Comparative Public Administration by Nimrod Raphaeli ?

(a) Theory construction

(b) Development administration

(c) Administrative capacity building

(d) Administration of planned change

Code :

(1) (a) and (b)
(2) (a), (b) and (c)
(3) (b), (c) and (d)
(4) (a), (b), (c) and (d)

17. Arrange the following publications of Riggs in a descending order, and select the correct answer from the code given below :

(a) Article, "Agraria and Industria : Toward a Typology of Comparative Administration

(b) Prismatic Society Revisited

(c) Ecology of Public Administration

(d) Administration in Developing Countries

Code :

(1) (a), (b), (c) and (d)
(2) (d), (c), (b) and (a)
(3) (c), (a), (b) and (d)
(4) (b), (c), (d) and (a)

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | वैज्ञानिक प्रबंधन | (i) | सार्वभौमिक वैज्ञानिक प्रशासकीय सिद्धांतों का अनुप्रयोग |
| (b) | प्रशासकीय प्रबंधन | (ii) | मानव कामगार संभवत: समग्रत: मशीन के तरह नहीं हैं |
| (c) | नौकरशाही सिद्धांत | (iii) | समय-वेग अध्ययन |
| (d) | मानव संबंध सिद्धांत | (iv) | नियम एवं विनियम का प्रयोग |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

16. निमरोड राफेली द्वारा तुलनात्मक लोक प्रशासन के साहित्य में निम्नलिखित में से किसे प्रमुख अभिप्रेरण चिन्ताओं के रूप में देखा गया है?
   (a) सिद्धांत निर्माण
   (b) विकास प्रशासन
   (c) प्रशासनिक क्षमता निर्माण
   (d) नियोजित परिवर्तन का प्रशासन

   **कूट :**
   (1) (a) और (b)
   (2) (a), (b) और (c)
   (3) (b), (c) और (d)
   (4) (a), (b), (c) और (d)

17. रिग्स के निम्नलिखित प्रकाशनों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें।
   (a) आर्टिकल, ''अग्रेरिया एण्ड इंडस्ट्रीया : टूवार्ड ए टिपोलॉजी ऑफ कम्परेटिव एडमिनिस्ट्रेशन''
   (b) प्रिजमेटिक सोसइटी रिविजिटेड
   (c) इकोलॉजी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन
   (d) एडमिनिस्ट्रेशन इन डेवलपिंग कन्ट्रीज

   **कूट :**
   (1) (a), (b), (c) और (d)
   (2) (d), (c), (b) और (a)
   (3) (c), (a), (b) और (d)
   (4) (b), (c), (d) और (a)

Prepp
Your Personal Exams Guide

18. **Assertion (A) :** The formulation of the prismatic model was primarily based on the extent to which a social administrative system undergoes functional differentiation.

**Reason (R) :** Present day Riggs is in fact the most blunt and harshest critic of former Riggs.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

19. Local Government has become the subject of state rather than of U.S. Federal Government by which one of the following Amendments to the constitution ?

(1) 9$^{th}$ (2) 10$^{th}$ (3) 11$^{th}$ (4) 12$^{th}$

20. Which of the following statements is **incorrect** regarding Karl Marx views on bureaucracy ?

(1) It is an unnecessary evil.

(2) It has a class character.

(3) It is the political expression of the division of labour.

(4) It can be abolished only when the general interest becomes real.

21. Which of the following pair is **incorrect** ?

| | **(Theory)** | | **(Thinker)** |
|---|---|---|---|
| (1) | Development Administration | – | Edward Weidner |
| (2) | Human Relations Theory | – | Elton Mayo |
| (3) | Comparative Public Administration | – | F.W. Riggs |
| (4) | Administrative Management Theory | – | Chester Barnard |

22. Who among the following viewed that development administration is characterised by its "purposes", its "loyalties" and its "attitudes" ?

(1) Edward Weidner (2) F.W. Riggs

(3) George Gant (4) V.A. Pai Panandikar

18. **अभिकथन (A) :** समपार्श्वीय प्रतिमान की रचना प्राथमिक रूप से सामाजिक प्रशासनिक पद्धति में हुए क्रियात्मक विभेद के विस्तार पर निर्भर करता है।

**तर्क (R) :** वर्तमान समय का रिग्स वास्तव में पूर्व रिग्स का सर्वाधिक रुखा और कठोर आलोचक है।

**कूट :**

(1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

19. संयुक्त राज्य का कौन-सा संविधान संशोधन स्थानीय शासन को संघीय कानूनों के बजाय राज्य संबंधी मामले का उपबंध करता है ?

(1) 9 वां (2) 10 वां (3) 11 वां (4) 12 वां

20. नौकरशाही के बारे में कार्ल मार्क्स के निम्नांकित विचारों में से कौन-सा सही **नहीं** है ?

(1) यह एक अनावश्यक बुराई है।

(2) इसका वर्गीय चरित्र है।

(3) यह श्रम विभाजन की राजनीतिक अभिव्यक्ति है।

(4) इसका विलोपन तभी किया जा सकता है जब सामान्य हित वास्तविक बन जाए।

21. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म **गलत** है ?

| | ( सिद्धान्त ) | | ( विचारक ) |
|---|---|---|---|
| (1) | विकास प्रशासन | – | एडवर्ड वाईडनर |
| (2) | मानव संबंध सिद्धान्त | – | एल्टन मेयो |
| (3) | तुलनात्मक लोक प्रशासन | – | एफ.डब्ल्यू. रिग्स |
| (4) | प्रशासनिक प्रबंधन सिद्धान्त | – | चेस्टर बर्नार्ड |

22. निम्नलिखित में से किसके अनुसार विकास प्रशासन की विशेषता इसका 'उद्देश्य', इसकी 'निष्ठा' और इसकी 'अभिवृत्ति' है ?

(1) एडवर्ड वीडनर (2) एफ.डब्ल्यू. रिग्स

(3) जॉर्ज गेन्ट (4) वी.ए. पाइ पनन्दीकर

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. Who among the following classified administrative structure in less developed countries as Bureaucracy Prominent regimes and Party Prominent Political regimes ?
    (1) F.W. Riggs
    (2) Ferrel Heady
    (3) Comparative Administration Group of USA
    (4) Robert Jackson

24. During the Mughal era, the District Collector was known by which of the following name ?
    (1) Vishay Pati (2) Karori Faujdar (3) Subedar (4) Shikdar

25. Which one of the following is **not** an Apex/Independent Office in the organization of the central government ?
    (1) Cabinet Secretariat (2) Prime Minister's office
    (3) President's Secretariat (4) University Grants Commission

26. **Assertion (A) :** Sound promotion policy leads to greater efficiency in public administration.
    **Reason (R) :** Promotion makes employees more sensitive to people's aspirations.
    **Code :**
    (1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
    (2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
    (3) **(A)** is true, but **(R)** is false.
    (4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

27. In which year the practice for presentation of separate budget of Railway was introduced in India ?
    (1) 1858 (2) 1893 (3) 1921 (4) 1951

28. Which of the following reasons make the Union Budget 2017-18 different from earlier ones ?
    (a) Advancement of Budget (b) Demonetisation
    (c) Good Economic Growth (d) Merger of Rail Budget with Union Budget
    Select the correct answer from the code given :
    (1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b), (c) (3) (a), (b), (d) (4) (a), (d)

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

23. निम्नलिखित में से किसने अल्प विकसित देशों में प्रशासनिक ढाँचे को नौकरशाही प्रधान व्यवस्था और दल प्रधान राजनीतिक व्यवस्था के रूप में वर्गीकृत किया है?
    (1) एफ.डब्ल्यू. रिग्स
    (2) फेरेल हेडी
    (3) यू.एस.ए. का कम्पेरेटिव एडमिनिस्ट्रेशन ग्रुप
    (4) राबर्ट जेक्सन

24. मुगल काल में जिला समाहर्ता को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था?
    (1) विशय पति (2) कारोरी फौजदार (3) सूबेदार (4) शिकदर

25. निम्नलिखित में से क्या केन्द्र सरकार के संगठन में सर्वोच्च/स्वतंत्र कार्यालय **नहीं** है?
    (1) मंत्रीमंडल सचिवालय (2) प्रधानमंत्री कार्यालय
    (3) राष्ट्रपति सचिवालय (4) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

26. **अभिकथन (A) :** उन्नत पदोन्नति नीति लोक प्रशासन में बेहतर कार्यकुशलता लाती है।
    **तर्क (R) :** पदोन्नति कर्मचारियों को लोगों की आकांक्षाओं के प्रति अधिक संवेदी बनाती है।
    **कूट :**
    (1) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
    (2) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
    (3) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
    (4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

27. भारत में रेलवे के लिए अलग बजट प्रस्तुत करने की परिपाटी किस वर्ष से प्रारंभ की गई?
    (1) 1858 (2) 1893 (3) 1921 (4) 1951

28. निम्नलिखित कारणों में से कौन से कारण संघीय बजट 2017-18 को पूर्व के बजटों से भिन्न बनाते हैं?
    (a) बजट का अग्रयन (b) विमुद्रीकरण
    (c) अच्छी आर्थिक वृद्धि (d) रेल बजट का संघ बजट के साथ विलय
    नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :
    (1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b), (c) (3) (a), (b), (d) (4) (a), (d)

29. 'Finance Commission' consists of a chairman and :

(1) Five members (2) Three members

(3) Four members (4) Seven members

30. Which article of the constitution divides the subject matter of legislation between Union and States ?

(1) Article 245 (2) Article 246 (3) Article 248 (4) Article 249

31. Which one of the following statements pertaining to Union Public Service Commission is not correct ?

(1) The commission serves as an advisory body.

(2) The commission is given its functions under Article 320 of the Indian constitution.

(3) Article 321 provides that additional functions may be entrusted to the commission.

(4) Article 311 provides that additional functions may be entrusted to the commission.

32. Which of the following are the focal areas of National Training Policy as per the recommendations of 2nd ARC in its 10th Report ? Answer by using code given below.

(a) Responsiveness to challenging democratic needs.

(b) Awareness of technological, economic and social developments.

(c) Accountability to ensure high performance.

(d) Commitment to leadership.

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (c) (4) (a), (c) and (d)

33. In which of the following year, the new National Training Policy was launched ?

(1) 2012 (2) 2013 (3) 2014 (4) 2015

29. 'वित्त आयोग' में एक अध्यक्ष और निम्नांकित में से कितने सदस्य होते हैं?

(1) पाँच सदस्य (2) तीन सदस्य (3) चार सदस्य (4) सात सदस्य

30. संविधान का कौन सा अनुच्छेद विधायन संबंधी विषयों को संघ और राज्यों के बीच विभाजित करता है?

(1) अनुच्छेद 245 (2) अनुच्छेद 246 (3) अनुच्छेद 248 (4) अनुच्छेद 249

31. संघ लोक सेवा आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(1) आयोग परामर्शदात्री निकाय के रूप में कार्य करता है।

(2) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 320 द्वारा आयोग को इसके कार्य सौंपे गए हैं।

(3) अनुच्छेद 321 उपबन्ध करता है कि आयोग को अतिरिक्त कार्य भी सौंपा जा सकता है।

(4) अनुच्छेद 311 उपबन्ध करता है कि आयोग को अतिरिक्त कार्य सौंपे जा सकते हैं।

32. निम्नलिखित में से कौन-कौन द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा अपने 10 वें प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों के अनुसार राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति के मुख्य क्षेत्र हैं? नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) लोकतांत्रिक जरूरतों को चुनौती देने के प्रति अनुक्रिया।

(b) प्रौद्योगिकीय, आर्थिक और सामाजिक विकास संबंधी जागरुकता।

(c) उच्च कार्यनिष्पादन सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व।

(d) नेतृत्व के प्रति प्रतिबद्धता।

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (c) (4) (a), (c) और (d)

33. निम्नलिखित में से किस वर्ष नई राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति आरम्भ की गई थी?

(1) 2012 (2) 2013 (3) 2014 (4) 2015

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. Which of the following committee/commission recommended the introduction of examination system along with consideration of ACRs for the promotion of Group A Central Civil Services ?
    (1) Second Administrative Reforms Commission
    (2) Sixth Pay Commission
    (3) 7th Pay Commission
    (4) P.C. Hota Committee

35. Which one of the following districts is the largest by territorial area in India as per census of 2011 ?
    (1) Leh (2) Jaisalmer (3) Kachchh (4) Bikaner

36. Which of the following component would **not** form the part of Union Budget of India ?
    (1) Tax Revenue (2) Non-Tax Revenue
    (3) Sales Budget (4) Capital Receipts

37. The Department related Parliamentary Standing Committees were introduced for the first time in India in the year ?
    (1) 1991 (2) 1993 (3) 2000 (4) 2003

38. "Criticism is the very life blood of science". Identify the characteristic of scientific method referred by this 'phrase' of Karl Pearson.
    (1) Ethical neutrality
    (2) Generality
    (3) Prediction based on probability
    (4) Public methodology affording testing of conclusions

39. Which of following is **not** a characteristic of usable hypothesis ?
    (1) It should be empirically testable.
    (2) It must be specific.
    (3) It should be general and grandiose in scope.
    (4) It should be related to a body of a theory.

34. निम्नांकित में से किस समिति/आयोग ने ग्रुप 'ए' की केन्द्रीय लोकसेवा में पदोन्नति हेतु वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों के साथ परीक्षा प्रणाली को प्रारम्भ करने की सिफारिश की है?

(1) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

(2) छठें वेतन आयोग

(3) सातवें वेतन आयोग

(4) पी.सी. होटा समिति

35. निम्नांकित में से कौन-सा जिला भारत में भौगोलिक क्षेत्र के आधार पर 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे बड़ा है?

(1) लेह (2) जैसलमेर (3) कच्छ (4) बीकानेर

36. निम्नलिखित में से कौन सा घटक भारत के संघीय बजट का भाग **नहीं** होगा?

(1) कर राजस्व (2) गैर-कर राजस्व

(3) बिक्री बजट (4) पूँजीगत प्राप्तियाँ

37. भारत में प्रथम बार विभागीय संबंधी संसदीय स्थायी समितियों को किस वर्ष स्थापित किया गया?

(1) 1991 (2) 1993 (3) 2000 (4) 2003

38. "आलोचना, विज्ञान की प्राणशक्ति है।" कार्ल पीयरसन के इस वाक्यांश द्वारा संदर्भित वैज्ञानिक विधि की विशेषताओं की पहचान कीजिए।

(1) नैतिक तटस्थता (2) सामान्यता

(3) संभाव्यता पर आधारित भविष्यवाणी (4) निर्णयों की जाँच करने वाली लोक कार्य प्रणाली

39. निम्नलिखित में से कौन प्रयोज्य परिकल्पना की विशेषता **नहीं** है?

(1) इसे आनुभविक रूप से जाँच योग्य होना चाहिए।

(2) इसे विशिष्ट होना चाहिए।

(3) इसका क्षेत्र सामान्य एवं भव्य होना चाहिए।

(4) इसे सिद्धांत के मुख्य भाग से संबंधित होना चाहिए।

40. Which one of following is **not** a principle of experimental designs enumerated by Fisher ?

(1) Principle of Replication (2) Principle of Matching

(3) Principle of Randomization (4) Principle of local control

41. Sampling errors are absent in :

(1) Census survey (2) Small sample

(3) Large sample (4) Convenience sample

42. Which one of the following schemes for Social Justice and Empowerment is **not** governed by the Ministry of Social Justice and Empowerment ?

(1) Self-employment scheme for Rehabilitation of Manual Scavengers (SRMS)

(2) Pradhan Mantri Adarsh Gram Yojana (PMAGY)

(3) Pradhan Mantri Grameen Awaas Yojana

(4) Protection of Civil Rights and Prevention of Atrocities.

43. Which of the following is/are **not** true of Parliamentary Committee on the welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes ?

(a) The committee has 30 members – 20 elected from Lok Sabha and 10 elected from Rajya Sabha.

(b) The term of the committee is one year.

(c) A minister is eligible for election to the committee.

(d) The election pattern to the committee comprises of 15 members each from Lok Sabha and Rajya Sabha.

**Code :**

(1) (a) only (2) (a) and (b) (3) (c) and (d) (4) (b) and (c)

44. Maintenance and welfare of parents and Senior Citizens Act, 2007 is **not** applicable to which one of the following States of Indian Union ?

(1) Nagaland (2) Mizoram (3) Jammu and Kashmir (4) Sikkim

Prepp
Your Personal Exams Guide

40. निम्नलिखित में से कौन-सा एक फिशर द्वारा उल्लेखित प्रयोगात्मक डिजाइन का सिद्धांत **नहीं** है ?

(1) प्रतिकृति का सिद्धांत (2) मिलान का सिद्धांत

(3) यादृच्छिकीकरण का सिद्धांत (4) स्थानीय नियंत्रण का सिद्धांत

41. निम्नलिखित में से किसमें प्रतिदर्शन अशुद्धि अनुपस्थित है ?

(1) जनगणना सर्वेक्षण (2) छोटा प्रतिदर्श

(3) बृहत प्रतिदर्श (4) सुविधा प्रतिदर्श

42. निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण योजना, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शासित **नहीं** होती है ?

(1) सर पर मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना (एस आर एम एस)

(2) प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पी एम ए जी वाई)

(3) प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना

(4) नागरिक अधिकारों के संरक्षण और उत्पीड़न का निषेध

43. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी संसदीय समिति के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही **नहीं** है/हैं ?

(a) समिति में 30 सदस्य होते हैं - 20 सदस्य लोकसभा से और 10 राज्य सभा से चुने जाते हैं।

(b) समिति का कार्यकाल एक वर्ष का होता है।

(c) कोई मंत्री समिति में निर्वाचित होने की योग्यता रखता है।

(d) समिति की निर्वाचन पद्धति में लोकसभा और राज्य सभा दोनों से 15 सदस्य होते हैं।

**कूट :**

(1) केवल (a) (2) (a) और (b) (3) (c) और (d) (4) (b) और (c)

44. भारत संघ के निम्नलिखित में से किस राज्य में माता-पिता तथा वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 लागू **नहीं** है ?

(1) नागालैण्ड (2) मिजोरम (3) जम्मू और कश्मीर (4) सिक्किम

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. Which one of the following is **not** a role of public sector in Indian Economy ?

(1) Generation of Income
(2) Capital Formation
(3) Infrastructure Development
(4) Concentration of Income and Wealth

46. As an economic measure what is **not** true of merger of PSU Banks in India ?

(1) In India there are 21 PSU Banks.
(2) Union cabinet recently decided to set up a Ministerial panel to consider the mergers.
(3) The idea of bank mergers was recommended by M. Narasimham in 1991.
(4) In 2014, P.J. Nayak Panel suggested to drop the proposal of bank mergers.

47. Rural India's version of 'Start up India' is known as :

(1) Deen Dayal Upadhyay Swaniyojan Yojana
(2) D.D. Upadhyay Gram Jyoti Yojana
(3) D.D. Upadhyay Skill Development Yojana
(4) D.D. Upadhyay Gram Sadak Yojana

48. Government of India has launched GST training programme to skill youth under which one of the following schemes ?

(1) Digital India Programme
(2) INSPIRE Programme
(3) National Social Assistance Scheme
(4) Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana

49. Accountability and Transparency should be ensured in local bodies by establishing audit committees at the district level. This has been suggested by :

(1) L.M. Singhvi Committee
(2) Ministry of Urban Development
(3) Second Administrative Reforms Commission
(4) $14^{th}$ Finance Commission of India

45. निम्नलिखित में से कौन सी एक भारतीय अर्थव्यवस्था में सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका **नहीं** है ?

(1) आय का सृजन
(2) पूँजी निर्माण
(3) अवसंरचना विकास
(4) आय एवं धन का संकेन्द्रण

46. आर्थिक उपाय के रूप में भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के बारे में क्या सही **नहीं** है ?

(1) भारत में 21 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हैं।
(2) केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में बैंकों के विलय पर विचार करने के लिए एक मंत्रालयीय पैनल को गठित करने का निर्णय लिया था।
(3) एम. नरसिहम् द्वारा 1991 में बैंकों के विलय की सिफारिश की गयी थी।
(4) 2014 में, पी.जे. नायक पैनल ने बैंक विलय के प्रस्ताव को छोड़ने का सुझाव दिया।

47. 'स्टार्ट अप इंडिया' के ग्रामीण भारत संस्करण को किस नाम से जाना जाता है ?

(1) दीन दयाल उपाध्याय स्वनियोजन योजना
(2) डी.डी. उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना
(3) डी.डी. उपाध्याय कौशल विकास योजना
(4) डी.डी. उपाध्याय ग्राम सड़क योजना

48. निम्नलिखित में से किस योजना के तहत भारत सरकार ने युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए माल और सेवा कर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया है ?

(1) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम
(2) आई एन एस पी आई आर ई कार्यक्रम
(3) राष्ट्रीय सामाजिक सहायता योजना
(4) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना

49. जिला स्तर पर लेखापरीक्षा समितियां स्थापित कर स्थानीय निकायों में उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकती है। यह सुझाव किसके द्वारा दिया गया था ?

(1) एल.एम. सिंघवी समिति
(2) शहरी विकास मंत्रालय
(3) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग
(4) भारत का 14 वां वित्त आयोग

Prepp
Your Personal Exams Guide

50. The social audit provisions have mostly been ineffective because of which of the following reasons ?

(a) There are no legal provisions for punitive action.

(b) States have not enacted legislation to facilitate social audit.

(c) Feeble community participation in this process.

(d) Needed Public documents are not made available by the incurring agencies.

Select the **correct** answer using the code given below :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b), (c)

(3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (d)

- o 0 o -

50. निम्नलिखित में से किन कारणों से सामाजिक लेखापरीक्षा उपबंध अधिकांशत: निष्प्रभावी रहे हैं?

(a) दंडात्मक कार्रवाई के लिए कोई कानूनी उपबंध नहीं है।

(b) सामाजिक लेखापरीक्षा को सरल एवं कारगर बनाने के लिए राज्यों ने विधान का अधिनियमन नहीं किया है।

(c) इस प्रक्रिया में समुदाय की कमजोर भागीदारी।

(d) आवश्यक सार्वजनिक दस्तावेजों को व्यय करने वाली एजेंसियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जाता है।

नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए।

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b), (c)

(3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (d)

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp Your Personal Exam Guide